FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

## सराहनीय कार्य दिनाँक 11-10-2024 थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद ।

# थाना मक्खनपुर एवं एसओजी / सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर लुटेरों समीर तथा सलीम को पुलिस मुठभेड के दौरान किया गया गिरफ्तार ।

- **अभियुक्तों के कब्जे से 02 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 03 खोखा कारतूस, 04 जिंदा कारतूस, लूट में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल एवं विभिन्न घटनाओं में लूटे गये 05 मोबाइल फोन बरामद ।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में अपराध की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना मक्खनपुर पुलिस एसओजी / सर्विलांस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि 01 मोटर साइकिल पर सवार 02 बदमाश खैरगढ़ की तरफ से आ रहे हैं जो कि जनपद में लूट की घटना को अंजाम देने की फिराक में है। उक्त सूचना का संज्ञान लेकर थाना मक्खनपुर पुलिस एवं एसओजी / सर्विलांस टीम द्वारा इकरा कॉलेज, मक्खनपुर के सामने पुल के नीचे चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान सामने से एक मोटर साइकिल पर सवार 02 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये, जिन्हें पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। तो उक्त मोटर साइकिल पर सवार संदिग्ध व्यक्ति मोटर साइकिल को मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे, भागने का प्रयास करने के दौरान हड़बड़ाहट में मोटर साइकिल फिसल जाने के कारण दोनों व्यक्ति गिर गये। पुलिस टीम को अपनी तरफ आता देखकर साइकिल सवार संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गयी। पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी फायरिंग में दोनों अभियुक्तों को पैर में गोली लग गयी जिन्हें पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 02 अदद तमंचा 315 बोर, 03 खोखा कारतूस 315 बोर, 04 जिंदा कारतूस 315 बोर, लूट करने में प्रयुक्त 01 बजाज डोमिनार मोटर साइकिल (अधूरे नम्बर अंकित) एवं विभिन्न घटनाओं में लूटे गये 05 मोबाइल फोन बरामद हुए है।

पूछताछ के दौरान घायल अभियुक्तों की पहचान 1.समीर पुत्र समीम निवासी नेशनल कारखाना वाली गली जाटवपुरी थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद व 2.सलीम पुत्र शमशेर अली निवासी सांती रोड़ नाथ की बगीची थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई है। घायल अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरणः-** पूछताछ के दौरान अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम दोनों मोटर साइकिल से लूट-पाट करने की घटनाओं को अंजाम देते हैं तथा पकड़ में आने से बचने के लिये मोटर साइकिल पर अधूरे नम्बर अंकित कराये हुए। आज भी हम लूट की घटना को अंजाम देने के इरादे से निकले थे किन्तु पुलिस टीम द्वारा हमें गिरफ्तार कर लिया गया । पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने पूर्व में कई बार न्यायिक अभिरक्षा में जाना स्वीकार किया है। अभियुक्तों के अपराधिक इतिहास की जानकारी प्राप्त की जा रही है। अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

## नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण–

1. समीर पुत्र समीम निवासी नेशनल कारखाना वाली गली जाटवपुरी थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
2. सलीम पुत्र शमशेर अली निवासी सांती रोड़ नाथ की बगीची थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।

## बरामदगी –

1. 02 अदद अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 03 अदद खोखा कारतूस 315 बोर।
3. 04 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर।
4. लूट करने में प्रयुक्त 01 बजाज डोमिनार मोटर साइकिल (अधूरे नम्बर अंकित)
5. विभिन्न घटानाओं में लूटे गये 05 मोबाइल फोन बरामद।